पिल्लू खेड़ा में 20 नवंबर को बासमती का भाव 4,195 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज

सरकारी पोर्टल https://agmarknet.gov.in से प्राप्त आँकड़ों के अनुसार, 15-21 नवंबर सप्ताह के दौरान, हरियाणा के जींद ज़िले की पिल्लू खेड़ा मंडी में 20 नवंबर को बासमती का भाव सबसे ऊँचा रहा जो कि 4,195 रुपये प्रति क्विंटल था। बासमती का सबसे कम भाव मध्य प्रदेश के होशंगाबाद ज़िले की बनखेड़ी मंडी और रायसेन ज़िले की रायसेन मंडी में क्रमश: 16 और 19 नवंबर को 1,800 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

सप्ताह के दौरान, पोर्टल ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के 45 ज़िलों से बासमती की विभिन्न किस्मों की मंडी कीमतें दर्ज कीं।

पूसा बासमती 1121 किस्म का अधिकतम भाव पंजाब के पटियाला ज़िले की राजपुरा मंडी में 20 नवंबर को 4,035 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश के सागर ज़िले की बीना मंडी में 16 नवंबर को पूसा बासमती 1121 किस्म का सबसे कम भाव 1,380 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

सप्ताह के दौरान, बासमती की जल्दी पकने वाली किस्म पूसा बासमती 1509 का अधिकतम भाव 4,050 रुपये प्रति क्विंटल हरियाणा के कुरुक्षेत्र ज़िले की शाहबाद मंडी में 19 नवंबर को रहा। उस दिन मंडी में इस किस्म का न्यूनतम भाव 3,750 रुपये प्रति क्विंटल था।

पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार, 16 नवंबर को यू पी में मथुरा ज़िले की कोसी कलां मंडी में बासमती की सुगंधा किस्म की अधिकतम कीमत 3,100 रुपये प्रति क्विंटल थी। सप्ताह के दौरान, सुपर बासमती किस्म यू पी के गौतम बुद्ध नगर ज़िले की दादरी मंडी में 2,100-2,450 रुपये प्रति क्विंटल के दायरे में बिकी।